हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

04 पुलिस ने रात में 106 वारंटियों को पकड़ा गुंडे...



07 सिविल अस्पताल और कन्नौद रोड पर...





## खबर संक्षेप में

### आष्टा के बापचा में झाड़ियों में मिली नवजात

**सीहोर।** आष्टा क्षेत्र के ग्राम बापचा बरामद में झाड़ियों से एक नवजात बच्ची मिली है। नवजात एक स्कूल के पीछे झाड़ियों में पड़ी थी। उसके रोने पर स्कूल स्टाफ को आवाज सुनाई दी तो पुलिस और 108 को सूचना दी गई। इसके बाद दल ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को आष्टा के सरकारी अस्पताल भेजा गया था। यहां बच्ची को आईसीयू रखा गया था। लेकिन हालत में सुधार होता न देख उसे सीहोर भेज दिया है। मामला शनिवार दोपहर करीब 2 बजे सामने आया। गांव की टांडापुरा कॉलोनी में एक प्राइवेट स्कूल के पीछे किसी ने पॉलीथिन में लपेट कर नवजात को फेंक दिया था। स्कूल के प्राचार्य राजदीप सिंह ने बताया कि उनके स्टाफ में से किसी को बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी थी। उन्होंने हमें बताया तो सभी लोगों ने पीछे जाकर देखा। वहां पर एक नवजात पॉलिथीन में लिपटी पड़ी थी। लोगों ने डायल 100 और 108 को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस स्टाफ और एम्बुलेंस से स्वास्थ्य विभाग प्रभारी पहुंचे। उन्होंने बच्ची को देखकर आष्टा अस्पताल भेजा। आष्टा के बाद बच्ची को सीहोर के जिला अस्पताल भेजा गया है। सीहोर अस्पताल रेफर किया: जहां बच्ची पड़ी हुई थी वहां पर पहुंची आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा महेश्वरी ने बताया कि बच्ची की हालत देखकर कर लगता है कि उसका जन्म शनिवार को ही हुआ है। बच्ची के शरीर से गर्भनाल भी नहीं काटी गई थी। सूचना मिलते ही सिद्धिगंज थाने की पुलिस स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची। उसने पहले उसे आष्टा अस्पताल भेजा वहां से उसे सीहोर अस्पताल रेफर किया गया है। आष्टा के सिविल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। बच्ची कई घंटों से खुले में पड़ी थी इससे उसकी हालत नाजुक हो गई थी। डॉक्टर ने बताया कि अभी बच्ची की मॉनिटरिंग के लिए आईसीयू में उसे रखा गया है। सिद्धिगंज थाना के एसएसआई मधे सिंह ने बताया कि बच्ची की हालत देखकर लगता है उसे शनिवार सुबह ही झाड़ियों में फेंका है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच करके हम आरोपियों पर कार्रवाई करेंगे।

### सोयाबीन खराब हुआ, बीमा दे सरकार : राजीव

**सीहोर।** कांग्रेस कमेटी जिला सीहोर के जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि हमारे कृषि प्रधान देश में अन्नदाताओं के हाल बेहाल हैं। हाल ही में अतिवृष्टि के कारण किसानों का सोयाबीन खेत में ही गल कर खराब हो गया, परन्तु भाजपा सरकार द्वारा न तो सर्वे कराया गया और न ही मुआवजा, बीमा दिया गया। आखिरकार किसानों ने थकहार कर सोयाबीन की खराब हुई फसल को 400 से 500 रूपये की दर से कटवाकर अब गेहूं की फसल के लिए खेत की हकाई की तैयारी करने को मजबूर है। किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रूपये प्रति क्विटंल की मांग भाजपा सरकार से की। सरकार ने सोयाबीन के भाव तो नही बढ़ाये परन्तु सोयाबीन के तेल के भाव अवश्य बढ़ा दिये। अब जब किसानों को गेहूं की बुआई के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की आवश्यकता है भाजपा सरकार बीज भी उपलब्ध कराने में असमर्थ है। वहीं पर्याप्त मात्रा में खाद भी उपलब्ध नही कराया जा रहा है। किसान रात-रात भर जागकर लम्बी कतारों में खाद का इंतजार कर रहे हैं। किसानों को नगद खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। खुलेआम खाद की कालाबाजारी हो रही है। आज किसान भाईयों के हालात बद से बदतर हो गये हैं। किसान कर्ज के दल-दल में धसता चला जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसान भाईयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन करेगी।

### महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के साथ सुख-समृद्धि की कामना की

# करवा चौथ : चंद्रमा को अर्ध्य देकर सुहागिनों ने खोला निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

करवा चौथ का पर्व नगर सहित अंचल में उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में प्रेम और सामंजस्य के लिए निर्जला व्रत रखकर देर शाम मेहंदी लगे हाथों के साथ सोलह श्रृंगार कर सज-सवरकर एक जगह एकत्रित हुईं तथा भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर करवा चौथ व्रत की कथा सामूहिक रूप से सुनी। रात्रि में चंद्रमा को अर्ध्य देखकर अपने पतियों के हाथों से व्रत खोला। नगर सहित क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया, महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा कर दिनभर निर्जला व्रत रखकर रात में चंद्रदर्शन के साथ पति के दर्शन कर अपने सुहाग की लंबी उम्र और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की गई तथा उनके हाथ से जल ग्रहण कर व्रत खोला गया।

भारतीय संस्कृति में करवा चौथ के व्रत का अलग ही महत्व है। इस दिन सुहागिनें पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुबह से ही निर्जला व्रत रखती है, तथा शाम को सज सवरकर पूजा की थाल सजाने में जुट गई। मकानों की छत पर पहुंचकर उनकी निगाहें बादलों के पीछे छिपे चांद को ढूंढती रही, जैसे ही चांद दिखा तो उन्होंने आराध्य देव भगवान गणेश और चौथ माता का पूजन किया। इसके बाद छलनी में चांद और पति का चेहरा देखकर उनके दीर्घायु की कामना की। रविवार को नगर के लगभग सभी हिंदू घरों में सुहागिन महिलाएं करवा चौथ व्रत को लेकर सोलह श्रृंगार से सजी दिखाई दी वहीं नए-नए परिधान धारण कर हाथों में सुंदर व आकर्षक मेहंदी भी लगाई। नगर में कई ऐसी नवविवाहिता ने भी पहली बार करवाचौथ का व्रत रखा था ऐसे में पति और पत्नी दोनों ने करवा चौथ का व्रत रखकर एक दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया। पूजन कर महिलाओं ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी का महिलाएं बड़े ही उमंग व उल्लास के साथ इंतजार करती है। इस दिन सुहागिन सूर्योदय के पूर्व व्रत का शुभारंभ भी करती है। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अपने पति के हाथों से निर्जला व्रत को खोलती है।





#### बाजारों में रही चहल-पहल



करवा चौथ के पर्व को लेकर नगर के लगभग सभी बाजारों में खासी चहल पहल रही। महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत खोलने के लिए करवा तथा अन्य सामग्री की खरीदी की गई। वहीं साज श्रृंगार की सामग्री के साथ साड़ी एवं जेवराज की खरीदी भी की गई। जिसके चलते नगर के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में काफी चहल-पहल दिखाई दे रही थी।

# दूध परिवहन वाहन से दूध का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के एल कुंभकार द्वारा शनिवार को राकेश शर्मा निवासी सुसनेर के वीआर इंटरप्राइजेज सुसनेर दूध वाहन से गाय व भैंस के मिश्रित दूध का नमूना जांच हेतु लिए गया, जो जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य लाइसेंस पंजीयन तथा फूड सेफ्टी डिसप्ले बोर्ड लगाने, खाद्य सामग्री ढंक कर रखने, केनो की अंदर एवं बाहर नियमित साफ सफाई करने, स्टील की केनो का उपयोग करने, गुणवत्तापूर्ण मानक स्तर के दूध का ही संग्रहण परिवहन व विक्रय करने के संबंध में सुधार सूचना पत्र देकर 15 दिवस में सुधार कर जवाब चाहा गया। साथ ही अवगत करवाया कि सभी खाद्य सामग्री जैसे दूध फल सब्जी किराना सभी खाद्य सामग्री के परिवहन में लगे वाहन मालिक और उपयोगकर्ता को वाहन के लिए पृथक से खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

# पॉलिटेक्निक की छात्रा का तैराकी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के निर्देशानुसार नोडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता अंतर्गत तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन महानंदा नगर एरिना स्टेडियम में किया गया। जिसमें शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से मैकेनिकल द्वितीय वर्ष के छात्र लखन परिहार तथा उमा विश्वकर्मा ने भाग लिया। जिसमें 100 मीटर तैराकी प्रतियोगिता में उमा विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय से राजेश चौहान पूरे समय विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से संस्था प्राचार्य डॉ हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 100 मीटर तैराकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय से उमा विश्वकर्मा का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है।

### बीज विक्रेता गोयल कृषि सेवा केंद्र आगर का लायसेंस निरस्त किया

**आगर-मालवा।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विजय चौरसिया ने बीज विक्रेता मेसर्स गोयल कृषि सेवा केन्द्र विकासखंड आगर का बीज नमूना अमानक होने से लायसेंस निरस्त किया है। जारी आदेशानुसार बीज निरीक्षक पदेन कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड आगर द्वारा मेंसर्स गोयल कृषि सेवा केन्द्र, आगर विकासखण्ड आगर से बॉम्बे सुपर हाईब्रीड सीड द्वारा उत्पादित मक्का बीज किस्म बॉम्बेद सुल्तासन (पारस) नमूना लिया गया था, जो प्रयोगशाला में परीक्षण उपरांत अमानक पाया गया। नमूना अमानक पाये जाने के फलस्वरूप संबंधित विक्रेता को कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया, नमूना अमानक होने एवं जवाब प्रस्तुत न करने के कारण मेसर्स गोयल कृषि सेवा केन्द्र को प्रदाय बीज लायसेंस नंबर 94/16-17 तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया। साथ ही बीज उत्पादक कम्पनी मेसर्स बॉम्बेण सुपर हाईब्रीड सीड प्रा.लि. कम्पनी को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 7 दिवस में जवाब मांगा गया है, समय-सीमा में समाधान कारक जवाब न प्रस्तुत करने की स्थिति में बीज उत्पादक कम्पनी पर भी बीज अधिनियम 1966 की धारा 19 एवं बीज नियम 1968 एवं बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# छात्राओं ने की संभाग स्तरीय वॉलीबाल स्पर्धा में सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर की पांच छात्राएं ललिता, गुलसरा कुरैशी, मुस्कान गहलोत, अर्शिया खान तथा मुस्कान मेघवाल ने उच्च शिक्षा विभाग की खेल समय सारणी अनुसार आयोजित शासकीय महाविद्यालय कालापीपल, जिला शाजापुर में संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में क्रीड़ा अधिकारी मनोज कुमार दुबे अनिल पाटीदार के नेतृत्व में जिले का प्रतिनिधित्व किया। उक्त छात्राओं को प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता,अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेखा गुप्ता तथा स्टॉफ सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।



# 'तकनीकी शिक्षा से कॅरियर को दे सकते हैं नई दिशा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी शासकीय हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग की जा रही है। जिसमें शनिवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल कानड़ में महाविद्यालय से राजेश चौहान के निर्देश द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास के बारे में जानकारी दी। जागरूकता सत्र में चौहान ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा से तकनीकी शिक्षा का लाभ दिलाने के लिए जिले में स्थित पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चल रही विभिन्न विधाओं के बारे में विधार्थियो को जानकारी दी गई तथा उन्हें बताया कि वे तकनीकी शिक्षा से जुड़कर तकनीकी शिक्षा में अपना करियर बनाने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश लेकर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। इसके लिए यहां उपलब्ध चारों ब्रांच में से अपनी रुचि वाली ब्रांच में प्रवेश लेकर महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस वर्ष प्रवेश का यह अंतिम अवसर चल रहा है जिसमें 22 तथा 23 अक्टूबर को संस्था स्तर पर 10 वी पास विद्यार्थियो के लिए सीधे ही प्रवेश होंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। साथ ही स्कूल के प्राचार्य से छात्रों को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की विजिट कराने का भी आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत राठौर, व्यावसायिक शिक्षक ज्ञानचंद भैसानिया एवं हेमराज मालविय आदि उपस्थित थे।




### 23 अक्टूबर तक छात्र ले सकेंगे कॉलेज में प्रवेश, छात्रों को बांध से संबंधित जानकारी दी

# पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने किया कुंडलिया डैम का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज आगर मालवा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों ने हाल ही में कुंडालिया बांध जिला राजगढ़ का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था।

कुंडालिया बांध के इस भ्रमण के दौरान वहां सागर भोगा योजना प्रभारी, विकास जैन रऊड हफऊ , कृष्णसामी एम ई, अनिर्बान गिरी पीई, राजेंद्र कुमार अकाउंटेंट ने छात्रों को बांध के विभिन्न भागों का भ्रमण करवाया जैसे पंप हाउस,विद्युत स्टेशन, एयर हाउस,बांध के कार्य प्रणाली को समझाते हुए अत्याधुनिक मशीनिंग, स्वचालन और नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को बांध का उद्देश्य समझाया। कॉलेज के सिविल विभाग के व्याख्याता देवीसिंह विश्वकर्मा और रविन्द्र सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे। विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान छात्रों को बांध की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला, साथ ही करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।







पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे न केवल छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में सफल इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस प्रकार भ्रमण से ज़िले में अध्यनरत विद्यार्थियों का तकनीकी शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा और इक्षुक छात्र छात्राएं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश में रुचि दिखाएंगे। महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। यह दौरा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हुआ, जिससे उन्हें औद्योगिक जगत की वास्तविकताओं और भविष्य की चुनौतियों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

खबर संक्षेप

### सूने मकान में हुई चोरी की वारदात

**देवास।** शनिवार रात गंगा विहार कालोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान से चोर 10 हजार नगदी सहित दो सोने की बाली चुरा ले गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नाहर दरवाजा पुलिस व फारेंसिक टीम ने मौके से सुराग जुटाए। दरअसल किराए के मकान में रहने वाले सुखराम कारपेंटर शनिवार रात अपने गांव भौंरासा गए थे उनका मकान सूना था इसी का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सूने मकान के दो लॉक तोड़कर घर में घुसे और घर में रखा सारा सामान अस्त व्यस्त कर घर में अलग-अलग जगह रखे 10 हजार नगदी और सोने की बालिया जिनकी कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है चुरा ले गए। किराए से रहने वाले सुखराम कारपेंटर ने बताया कि वह बीती रात एक घंटे के लिए घर आया था फिर पुनः वह अपने गांव भौंरासा चले गया था शनिवार रात घर में चोरी की वारदात हुई। बदमाश घर के दो लॉक तोड़ कर कर अंदर घुसे और घर से करीब 10 हजार नगदी और अन्य आभूषण चुरा ले गए।

### अमानक पाए जाने पर लगाया अर्थदंड

**देवास।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत पूर्व के त्योहारों पर नमूना कार्यवाही की गई थी। जिले में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूनें लिये जाकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये थे। जांच उपरांत 166 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जिनमें से 43 नमूनों को अवमानक, मिथ्याछाप होने पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवास के न्यायालय में प्रकरण दर्ज किये गये एवं मांस/मटन विक्रेताओं के विरूद्ध बिना खाद्य पंजीयन के व्यावसाय करने के अपराध में 12 प्रकरण माननीय न्यायालय में दर्ज किये गये। इसी प्रकार कुल 55 प्रकरण दर्ज किये गये जिनमें से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय देवास द्वारा 13 प्रकरणों में निर्णय पारित किया है। जिसमें कुल 06 लाख 95 हजार की अर्थदण्ड राशि से दण्डित किया।

अपराधियों पर अंकुश लगाने देवास पुलिस ने रात में की सघन चेकिंग

# पुलिस ने रात में 106 वारंटियों को पकड़ा गुंडे और जिलाबदर बदमाशों की चैकिंग की

जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने देवास पुलिस ने रात में कॉम्बिंग गश्त कर की सघन चेकिंग गश्त में एसपी उपाध्याय के नेतृत्व में 03 एएसपी, 04 डीएसपी,रक्षित निरीक्षक,23 थाना प्रभारियों अपने बल के साथ रहे मौजूद।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार रात देवास पुलिस ने एसपी सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में जिले भर में सामूहिक कॉम्बिंग गश्त की। गश्त में जिले भर में 500 पुलिसकर्मी सड़कों पर उतरे। गश्त के दौरान की गई कार्रवाई में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 106 वारंटियों को पकड़ा गया। साथ ही कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस के द्वारा हिस्ट्रीशीटर-बदमाशों की चैकिंग करते कुल 290 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया।इस दौरान 160 गुंडा बदमाशों, कुल 26 जिलाबदर बदमाशों को चेक करते कुल 130 हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाशों व जिलाबदर बदमाशों की चैकिंग की गई।पुलिस ने अवैध शराब के कुल 28 प्रकरणों में 28 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 116 लीटर कुल कीमती 24950 रुपए की अवैध शराब जब्त की। गश्त के दौरान पुलिस ने कुल 190 वाहन चेक किए। 8 वाहन चालको के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट में चालानी कार्रवाई कर कुल 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूल कर शासकीय कोष में जमा किया गया।



पुलिस अधीक्षक देवास सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश भूरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों,थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु उक्त गश्त की गई। थाना/चौकी प्रभारियों समेत जिले के 500 से पुलिस कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से रात्रि में जिले में कॉम्बिंग गश्त की गई ।गश्त में कुल 41 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए जिनमें थाना कोतवाली 03,थाना औद्योगिक क्षेत्र 04,थाना बैंक नोट प्रेस 03,थाना नाहर दरवाजा 01,थाना सिविल लाईन 01,थाना टोंकखुर्द 01,थाना पीपलरवां 01,थाना भौरांसा 02,थाना सोनकच्छ 03,थाना बागली 02,थाना हाटपीपल्या 03,थाना उदयनगर 04,थाना कांटाफोड़ 01,थाना कन्नौद 04,थाना सतवास 03,थाना खातेगांव 05 के द्वारा स्थायी वारंट तामिल कराए गए।कुल 65 गिरफ्तारी वारंटियों की भी धरपकड़ की गई।गश्त के दौरान देवास पुलिस के थाना कोतवाली के द्वारा आर्म्स एक्ट के 02 प्रकरण बनाए गए । जिसमें 01 पिस्टल, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 छुरा जप्त किया गया। धारा 170 BNSS के अंतर्गत 09 प्रकरणों में 09 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## घोष के साथ नगर में निकला बाल पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देवास में प्रतिवर्ष निकाले जाने वाला बाल स्वयंसेवको का पथसंचलन इस वर्ष रविवार शाम को उपनगरशः निकाले गए। चारों उपनगर के बाल पथसंचलन अलग-अलग स्थानों से प्रारंभ होकर उपनगर के मुख्य मार्गो, गलियों,मोहल्लों से निकले। बाल स्वयंसेवको के इस पथसंचलन में हजारों बाल स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। इन संचलन के लिए नगर में उत्साह का वातावरण रहा,अनेकों धार्मिक एवं समाजिक संगठनो ने पुष्पवर्षा कर बाल पथसंचलन का स्वागत किया। पूरे संचलन मार्ग पर दर्शकों ने ₹भारत माता की जय₹,₹बाल है गोपाल है भारत माता के लाल है₹ के घोष के साथ बाल स्वंयसेवको का उत्साहवर्धन किया। संचलन के पूर्व चारों एकत्रीकरण स्थल पर अतिथियों द्वारा भारत माता एवं शस्त्र का पूजन किया गया। शिवाजी उपनगर का कार्यक्रम उत्कृष्ठ विद्यालय में रखा गया जहां मुख्य अतिथि एबेनेज़र विद्यालय के संचालक प्रीतेश जोशी एवं मुख्य वक्ता देवास विभाग प्रचारक श्रीराम लोधी रहे। छत्रसाल उपनगर का कार्यक्रम रामाश्रय होटल के निकट रखा गया। जहां मुख्य अतिथि सी जी ट्यूटोरियल के संचालक आशीष गुप्ता एवं मुख्य वक्ता देवास नगर प्रचारक सीताराम रहे। छत्रसाल उपनगर का बाल पथसंचलन रामाश्रय होटल से प्रारंभ होकर, ए.बी.रोड, बावड़यि,संत रविदास नगर होते हुए रामाश्रय होटल पर समाप्त हुआ।गुरुगोविंद सिंह उपनगर का कार्यक्रम सिद्धि विनायक परिसर में रखा गया। जहां मुख्य अतिथि विजय ज्योति एकेडमी के संचालक दिलीप सिरवाल एवं मुख्य वक्ता देवास नगर कार्यवाह मनोज पटेल रहे।गुरुगोविंद सिंह उपनगर का पथसंचलन संचलन सिद्धि विनायक परिसर से प्रारंभ होकर, खेड़ापति मंदिर,नावेल्टी चौराहे, शुक्रवारिया हाट एबी रोड होते हुए सिद्धि विनायक परिसर में समाप्त हुआ।महाराणा प्रताप उपनगर का कार्यक्रम श्याम वाटिका में रखा गया। जहां मुख्य अतिथि डेल्टा स्कूल के संचालक रितेश राजानी एवं मुख्य वक्ता देवास जिला प्रचारक राहुल भौमिक रहे।

महाराणा प्रताप उपनगर का बाल पथसंचलन श्याम वाटिका से प्रारम्भ होकर,नवीन मिल्क कॉर्नर से जमना नगर,तुलजाविहार,दगडू सेठ मंदिर होते हुए न्यू एरा विद्यालय में समाप्त हुआ।इसके साथ ही देवास नगर की चार बस्तियों में भी बस्ती संचलन निकले, प्रताप बस्ती का संचलन कालूखेड़ी से,बी.एन.पी बस्ती संचलन बजरंबली नगर से,मालीपुरा बस्ती का संचलन तोड़ी से एवं नई आबादी बस्ती का संचलन संत रविदास मोहल्ले से निकाला गया।

### गोल्ड मेडल जीतने पर अजाक्स ने किया लक्ष्मी का स्वागत

**देवास।** अजाक्स द्वारा एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने पर लक्ष्मी मालवीय का स्वागत किया गया। म.प्र. अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एंव कर्मचारी संघ जिला देवास द्वारा पेंचक सिलाट एसोसिएशन म.प्र. एवं युनिवर्सल मार्शल आर्ट अकादमी की खिलाड़ी लक्ष्मी पिता रामप्रसाद मालवीय द्वारा 9 से 14 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान के बुखारा शहर में आयोजित 8 वीं पेंचल सिलाट चैम्पियनशिप में भाग लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। लक्ष्मी की उपलब्धि पर अजाक्स द्वारा पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर लक्ष्मी का स्वागत किया गया तथा आगामी खेल जीवन के लिए बधाई दी।

## मंडल अध्यक्ष ने सक्रिय सदस्यता अभियान किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भाजपा संगठन व्दारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उसी के अंतर्गत रविवार को जटाशंकर मंडल बागली में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह व्दारा बागली से की गई। इस दौरान बागली विधायक को सक्रिय सदस्य बनाकर अभियान प्रारंभ किया गया। मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार से संगठन के निर्देशन अनुसार सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान महेश दुबे जयप्रकाश शर्मा, कांटाफोड़ मण्डल अध्यक्ष सुनील पटेल, मण्डल महामंत्री डॉ प्रकाश सोलंकी, सदस्यता अभियान मण्डल संयोजक भगवान सिंह कासलीवाल, सहसंयोजक जसपाल सेंधव, पुष्पेन्द्र राजपूत अनार सिंह सेंधव ,पिछड़ा वर्ग मण्डल अध्यक्ष पवन राठौर, कमल जायसवाल, मुकेश दांगी, पप्पू गुर्जर, प्रवीण चौधरी उपस्थित रहे।

## किशोर कुमार नाइट में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, गीत सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



यंग मेलोडियस आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा मल्हार स्मृति मंदिर में संगीत निशा किशोर कुमार नाइट में प्रसन्न कुमार के गीतो की शाम आ चल के तुझे में ले के चलूँ का आयोजन किया गया। संगीत समारोह में आए हुए कलाकारों ने किशोर कुमार के सुरीले और सुपरहिट गीतो से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं ने देर रात तक खूब गीतो का आनंद लिया।

19 अक्टूबर की शाम को आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती पूजा-अर्चना कर मुख्य अतिथि डॉ. अजय चौहान प्राचार्य ला कॉलेज देवास,अनिल राज सिंह सिकरवार, संजय कटारिया, डॉ. मनीषा बाफना, मॉडलिंग की दुनिया से आई प्रांजल जांगरे, बॉलीवुड कलाकार सुनील बामनिया, डीके जोशी, रमेश मिश्रा आदि ने की। तत्पश्चात आयोजक मुश्ताक शाह ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। संगीत समारोह में प्रसन्न कुमार एवं विभिन्न कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। अन्य कलाकारों में इंदौर, उज्जैन, देवास से आए सुनील बामनिया, विजय बहादुर सिंह राठौर आभास, निशा खान, संध्या ग्रेवाल उज्जैन, अनुभूति शर्मा उज्जैन, मीनाक्षी देव इंदौर, मुश्ताक शाह, पूर्णिमा ठाकुर, दिलीप ठाकुर, देव ठाकुर, राजदीप, शक्तिवर्धन निगम, कविता निगम आदि कलाकारों ने किशोर कुमार के सुमधुर गीतों शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सलीम शेख एवं जनार्दन शर्मा ने किया। सफल बनाने के लिए संचालक मुश्ताक शाह, संरक्षक नजर शेख, आयोजन समिति दिलीप दरबार, विजय बहादुर सिंह राठौर, सलीम शेख ने सभी का धन्यवाद देते हुए आभार माना।

पूर्ण गणवेश व घोष वाहिनियों के साथ दुर्गा वाहिनी का निकला शौर्य संचलन

# विधर्मी शक्तियां हिंदू समाज को तोड़ने का कर रही हैं प्रयासः चौधरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

आज के समय में देश में विधर्मी शक्तियां हिंदू समाज को तोड़ने का अटूट प्रयास कर रही है। हिन्दू समाज को जाति धर्म के नाम पर बांटने का काम किया जा रहा है। हिंदुओं को बांटने के लिए जातिगत भेदभाव फैलाया जा रहा है। हमारे देश के महान पुरुषों को भी समाज के नाम पर बांटा जा रहा है, जिस पर अंकुश लगाने में नारी शक्ति अहम भूमिका निभा सकती हैं। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य संचलन मान वंदना जिला कन्नौद प्रखंड बागली खण्ड के चापड़ा में रविवार को ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित शौर्य संचलन कार्यक्रम में बहनों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख मुकेश चौधरी ने कही। चौधरी ने कहा इंदौर शिक्षित शहर होने के बावजूद वहां पर 150 से अधिक लव-जिहाद के मामले सामने आए हैं। यह चिंता का विषय है,कि इतने जागरूक शहर में ऐसी स्थिति है। हमारे संगठनों के लोगो ने कई हद तक इस पर अंकुश लगाया है। लेकिन आज भी नारी शक्ति को जागरूक होना होगा, लव-जिहाद को जड़ से खत्म करने के लिए नारी शक्ति में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इस शौर्य संचलन का उद्देश्य दुर्गा वाहिनी के माध्यम से जागरूकता लाना है। नारी शक्ति मां दुर्गा का स्वरूप है,जिस प्रकार धर्म की रक्षा के लिए शास्त्रों की आवश्यकता है, उसी प्रकार शस्त्र की भी आवश्यकता है। इसलिए दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण देती हैं। मंच से दुर्गा वाहिनी के स्थापना से लेकर अब तक की गाथाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान मंच पर उपस्थित मुकेश चौधरी प्रान्त समरसता प्रमुख ,धर्मेंद्र सेंधव संघ जिला कार्यवाह, रामविलास जाट जिला अध्यक्ष, अंजना राजावत जिला उपाध्यक्ष, रामनारायण यादव,कान्हा जिनोदिया जिला मंत्री,सुमेर सिंह फौजी विभाग सेवा प्रमुख, दिव्या पाटीदार जिला पूर्णकालिक दुर्गा वाहिनि, चन्द्रशेखर विश्नोई जिला संयोजक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर से भव्य रूप में पूर्ण गणवेश व घोष वाहिनियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संचलन निकाला गया। दुर्गा अष्टमी पर दुर्गा वाहिनि का स्थापना दिवस मनाया जाता है, स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में मान वंदना शौर्य संचलन के आयोजन किए जा रहें है। उसी के चलते चापडा में शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। संचलन नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा जहां पर समापन किया गया। संचलन के दौरान नगर में जगह-जगह नगरवासियों व्दारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर में पहली बार दुर्गा वाहिनी का शौर्य संचलन निकाला गया, जिसमें उत्साह के साथ चापडा सहित आसपास के गांवों की छोटी छोटी बालिकाओं और युवा तरूण बहने दंड हाथों में थामे हुए संचलन में सम्मिलित हुई। इस दौरान शीतल जिनोदिया जिला विधि प्रकोष्ठ प्रमुख, धर्मेंद्र गुरु, नीतीन मराठा, शितल जिनोदिया, नरेन्द्र सिसोदिया, शिवनारायण यादव, सत्यनारायण जाणी, उमा पाटीदार, पु र्ण शर्मा सहित जिला प्रखंड खण्ड में समस्त कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 255 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली रोड स्थित जैन मंदिर परिसर में शुक्रवार के दिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन स्व. श्रीपाल दुग्गड छोटे भाई कि स्मृति में राजेश दुग्गड के व्दारा जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, अलर्ट ग्रुप चापडा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल इंदौर की टीम द्वारा शिविर में आने वाले ग्रामीणों के स्वस्थ्य का परीक्षण किया गया।

इस दौरान जनपद सदस्य संगीता राजेश दुग्गड,डा जे सी यादव, संतोष कुमार जैन,डा पी सी जैन, स्वतंत्र कुमार जैन,गौरव दुग्गड, दिनेश पाटीदार,का स्वागत दुग्गड परिवार की ओर से किया गया। शिविर में 12 प्रकार की स्वास्थ्य से जुड़ी जांचें निःशुल्क की गई।साथ ही ब्ल्ड ग्रुप जांच कर कार्ड बनाकर दिया गया।

इस दौरान राजेश दुग्गड ने बताया कि प्रतिवर्ष इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज कि टीम के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में 255 महिला, पुरूषों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में ह्रदय रोग,पेट, हड्डी रोग,कान,नाक,गला, दांतों से संबंधित समस्या, ब्ल्ड ग्रुप जांच , आंख आदि जांच की गई।

खबर संक्षेप

## तीन दिवसीय युवा उत्सव की हुई शुरुआत



**आष्टा।** शहर के कन्नौद रोड स्थित शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य, सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए। युवा उत्सव के प्रथम दिन वक्तृता, वाद विवाद, शास्त्रीय एकल गायन व शास्त्रीय एकल वादन प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। वक्ता का विषय था ''डिजीटल इंडिया'' इस विषय पर विद्याथियों ने डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारियां साझा की और इससे होने वाले लाभों का भी वर्णन किया। वाद-विवाद का विषय नई शिक्षा नीति 2020 या नई शिक्षा नीति के पक्ष और विपक्ष में छात्र और छात्राओं ने अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम के आरंभ में प्रभारी प्राचाय ने विद्यार्थियों को इस 3 दिवसीय उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। कायर्क्रम प्रभारी डॉ.ललिता राय ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथीर् 11, 12 एवं 13 नवम्बर को अन्तर महाविद्यालय जिला स्तर पर भाग लेंगे। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों 5, 6 और 7 दिसम्बर को अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लेंगे। विश्वविद्यालय स्तर चयनित विद्यार्थी 18, 19 और 20 दिसंबर को अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तर पर भाग लेंगे। कायर्क्रम में डॉ.अबेका खरे, जगदीश नागले व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। युवा उत्सव को लेरक छात्र और छात्राओं में भी बहुत उत्साह देखा गया।

### आष्टा नगर फिर अतिक्रमण की चपेट में, नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान

# सिविल अस्पताल और कन्नौद रोड पर अतिक्रमण, पैदल निकलना मुश्किल

अस्पताल के आसपास अतिक्रमण होने से मरीज और परिजनों को आए दिन होती है परेशानी, जाम में फसती है एंबुलेंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है इसके चलते अब लोगों का शहर के सड़कों पर वाहन चलाना किसी परेशानी से कम नहीं तो वही पैदल चलने वाले भी परेशानी उठा रहे हैं। अभी तक प्रशासन और ना ही नगरपालिका ने इस और ध्यान दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी सिविल अस्पताल के सामने, कन्नौद रोड सहित कई मार्गों पर नागरिकों को उठाना पड़ती है।

### सिविल अस्पताल चौराहा बना परेशानी

शहर के सिविल अस्पताल चौराहा गेट पर पहले एंबुलेंस सहित अन्य वाहन आसानी से सिविल अस्पताल में प्रवेश कर जाते थे। लेकिन अब अस्पताल में जाना परेशानी का सबब बन गया है। अस्पताल के गेट के सामने दर्जनों ठेले खड़े रहते हैं। कई बार इन ठेले के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है।

### स्टैंड पर बसों को खड़ी करने में परेशानी

शहर के बस स्टैंड के भी इन दिनों हाल बेहाल हैं। स्टैंड के दुकानदारों ने अतिक्रमण की हद ही पार कर बरामदे में कब्जे कर लिया है। दो पहिया वाहन चालकों को दुकानदार अपने सामने वाहन खड़ा करने नहीं देते।

### कन्नौद रोड पर वाहन चलाना मुश्किल

कन्नौद रोड शहर का धीरे-धीरे हृदय स्थल होता जा रहा है। यह मार्ग आगरा-मुंबई से खंडवा को जोड़ता है। इस कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कन्नौद मार्ग पर सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने बेतहाशा अतिक्रमण कर लिया। यहां ट्रैक्टर-ट्राली भी सड़क पर खड़े रहते हैं। इस मार्ग पर भोपाल नाका से मंडी गेट तक आए दिन जाम लगता रहता है।







### शहर के अन्य मार्गों पर भी यही हाल

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, परदेसी पुरा, बुधवारा, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, अलीपुर, इंदौर नाका, भोपाल नाका सहित कई चौराहे अतिक्रमण की चपेट में है। शहर के शैलेश शर्मा, फूलचंद टेलर ने बताया है कि अतिक्रमण के कारण वाहन चलाना परेशानियों का कारण बन गया है। स्थानीय प्रशासन नगर पालिका को अतिक्रमण मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि नागरिकों को परेशानी न हो।

**नपा फिर से करेगी कार्रवाई**

समय-समय पर अतिक्रमण मुहिम चलाई जाती है, पिछले महीने में भी कई स्थानों पर अतिक्रमण मुहिम चलाई गई थी। अगर अतिक्रमण हो रहा है तो नगर पालिका फिर से कार्रवाई करेंगी।

**राजेश सक्सेना,** सीएमओ नपा आष्टा

# पार्वती पुल के आगे मार्ग में बाधक बनी नपा की 12 दुकानें तोड़ीं

**दुकानदारों को किया जाएगा विस्थापित**



**आष्टा।** नपा अमले ने दुकानों को जेसीबी से किया जमीदोज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में लगभग 11 करोड़ की लागत से पार्वती नदी पर बने नए पुल से आगे निकले मार्ग पर जो पुराना बस स्टैंड से भोपाल नाके की ओर जाता है पर फायर ब्रिगेड के सामने बनी नगर पालिका की 12 दुकाने बाधक बनी हुई थी। जिसको लेकर नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष मांग उठाई थी की पार्वती नदी पर बने पुल से जो रास्ता बस स्टैंड की ओर जा रहा है उसे टेढ़ा-मेढ़ा न कर दुकान हटाकर सीधा किया जाए।

जिसको लेकर नगर पालिका ने भी शासन प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की बैठक में एक प्रस्ताव रखा तथा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होने के बाद एवं सभी दुकानदारों से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,सीएमओ राजेश सक्सेना ने चर्चा कर उनेह विश्वास में ले कर उनकी सहमति के बाद आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की उपस्थिति में नगर पालिका की जेसीबी द्वारा बाधक बनी सभी 12 दुकानों को जमीनदोज कर दिया गया ।

### मार्ग होगा चौड़ा

स्मरण रहे 2 दिन पूर्व इसी मार्ग में पुराना बस स्टैंड पर बरसों पूर्व बना पार्क भी बाधक बना हुआ था जिसे भी पूरी तरह से हटा दिया गया है । इन दोनों बाधक बने स्थलों को हटा कर समतल करने से निश्चित रूप से उक्त मार्ग काफी चौड़ा हो जाएगा । वहीं यातायात की बिगड़ी व्यवस्था में भी काफी सुधार होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि जिन 12 दुकानदारों को यहां से हटाया गया है उन्हें स्थापित भी किया गया है । उन सभी 12 लोगो को गांधी पार्क के पिछले हिस्से में 10 गुणा 12 का स्थान दिया है । जिस पर वे स्वयं अपने खर्चे से दुकानों का निर्माण करेंगे तथा निर्माण राशि जो निश्चित की जायेगी उक्त राशि किराए में बराबर की जाएगी ।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर पलटा, क्षतिग्रस्त हुआ वाहन

**आष्टा।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर पलट गया। दुर्घटना में वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ। कंटेनर में सवार ड्राइवर बाल-बाल बचा, वह सुरक्षित है। शनिवार सुबह कंटेनर को हाइड्रोलिक की मदद से निकाला गया। घटना शुक्रवार सुबह के समय की है। ग्राम खोकरी से आगे उतपुरा जोड़ के पास इंदौर-भोपाल हाईवे रोड पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। कंटेनर इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। तभी उतपुरा जोड़ पर अचानक वाहन ने कट मार दिया। उस वाहन को बचाने की वजह से कंटेनर सड़क से नीचे हो गया और वह सड़क के नीचे ही जा गिरा। स्थानी लोगों और ड्राइवर ने बताया कि सुबह के समय कंटेनर इंदौर से भोपाल तरफ जा रहा था। उसमें सीमेंट भरा हुआ था। घटना में अनियंत्रित होकर पलटी खाकर गिरा कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया।



# असिस्टेंट प्रोफेसर का विद्यार्थियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राजश्री कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर का स्वच्छता निरीक्षक पद पर चयनित हुए उनका स्वागत किया गया। राजश्री महाविद्यालय संचालक द्वारा पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर जिन्होंने राजश्री महाविद्यालय में विगत कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी का स्वागत पुष्पमाला व साफा बांधकर किया गया। जिन्होंने महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वच्छता निरीक्षक पद के लिए चयनित हुए हैं। महेश ठाकुर का चयन होने पर महाविद्यालय स्टाफ, पालक व विद्यार्थियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पूजा मेवाड़ा, भैया लाल वर्म, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, माया मेवाड़ा, रविंद्र प्रजापति, ममता तिवारी, कविता भूतिया, हिमांशी झवर, पवन जाट, रंजना परमार, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम परमार उपस्थित रहे।



# स्वर्णकार समाज ने मनाई आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोनी समाज के आराध्य देव अजमीढ़ महाराज की जयंती आष्टा नगर में बड़ी धूमधाम से मनाई गई स्वर्णकार युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद सोनी गोल्डी ने बताया कि आज हमारे आराध्य देव श्री अजमीढ़ महाराज की जयंती युवा संगठन के नेतृत्व में मनाई जा रही है जिसमें 16 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 अक्टूबर को मानस भवन से शोभायात्रा प्रारंभ हुई बुधवारा, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार से होते हुए मानस भवन पहुंचे। जहां आराध्य देव की भव्य आरती की गई।

बाहर से पधारे अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष राधे श्याम सोनी नयनतारा, धर्मशाला समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी साडलीवाल, युवा संगठन अध्यक्ष गोविंद सोनी गोल्डी, महिला अध्यक्ष रानी सोनी, युवा महिला अध्यक्ष ज्योति सोनी ने केसरिया दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। साथ ही सामाजिक बंधुओ सहभोज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। जुलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया। वहीं शाम को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, विशेष अतिथि स्वर्ण कला बोर्ड के अध्यक्ष दुर्गेश सोनी और अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, समाज के वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण सोनी के अतिथि में संपन्न हुआ। अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया।


इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन गणेश सोनी, गोलू जयप्रकाश सोनी, राम सोनी ने किया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष रवि सोनी, कैलाश सोनी पांचम, दिनेश सोनी, सड़लीवाल, बाबू लाल सोनी, सचिव गोविंद सोनी जोहरी पैलेस, जितेंद्र सोनी, रजत डॉक्टर, जीडी सोनी, द्वारका सोनी, राजहंस, मनोज सोनी काका, आशीष सोनी, मनोज सोनी जावर, राकेश सोनी बागरे, गिरिराज सोनी पटेल, राजकुमार सोनी होटल वाले, विजय सोनी पांचम, दिव्यांशु सोनी, शुभम सोनी, नवीन सोनी पत्रकार, योगेश सोनी, सतीश सोनी, डॉ कुलदीप सोनी, नितिन सोनी, अजंता चिराग सोनी, शैलेंद्र सोनी दिगौड़ा, मुकेश सोनी, मुन्ना भैया, हंसू सोनी, सुनील सोनी, सोनू, योगेश सोनी सांवेर, राम सोनी, नीतेश सोनी, कालू आदि युवा संगठन एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।




### शरद पूर्णिमा पर आचार्य विद्यासागर व नवाचार्य समय सागर का मनाया अवतरण दिवस

# कुछ ऐसे लोग रहते हैं, जिनका सानिध्य हमें तार देता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इस संसार में कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जिनका सानिध्य प्राप्त हो जाए तो हटने का मन नहीं होता है और अपना कल्याण निश्चित होगा। सौभाग्यशाली हैं कि एक नहीं दो महान विभूतियों का सानिध्य प्राप्त हुआ। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज का अवतरण दिवस मनाया गया। करीब 78 साल पहले इन दो महान व्यक्ति का जन्म हुआ था।

जन्म परिचय, व्यक्तित्व साहित्य एवं जन कल्याणकारी मार्गदर्शन जिनका व्यक्तित्व तप, संयम और त्याग सागर जितना विराट है, विशाल है। उनके बारे में लिखते- लिखते कलम थक जाए ,उनके गुण इतने अनगिनत है कि गुणगान करते-करते थक जाएं। उनके नाम के साथ जुड़ने वाली उपलब्धियां इतनी है उनको लिखते -लिखते ही एक बड़ा लेख बन जाए।हम बात कर रहे हैं इस धरती के चलते फिरते देवता, अनासक्त योगी, अपराजेय साधक संत शिरोमणि आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के बारे में। साक्षात तीर्थंकर भगवान जैसे प्रखर तपस्वी महामनीषी, युग दृष्टा ,युग प्रवर्तक, कठोर साधक, श्रमण संस्कृति के उन्नायक, श्रेष्ठ चर्या पालक ,राष्ट्रीय चिंतक, समाधि सम्राट, राष्ट्रसंत और भी न जाने कितनी उपाधियां और गुण विशेषण उनके नाम के साथ लगाए जाते हैं। ऐसे गुणों के महासागर जैसा उनका जीवन चरित्र है। आपने मूकमाटी, महाकाव्य,काव्य संग्रह, हिंदी - संस्कृत शतक संग्रह,आगनिक ग्रंथों के पद्यानुवाद संग्रह, प्रवचन संग्रह,स्फुट रचनाएं। इंडिया नहीं भारत बोलो, शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी नहीं भारतीय भाषा हो, राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान मिले, भारतीय शिक्षा पद्धति लागू हो, गौशाला और कृषि को बढ़ावा देने मांस निर्यात देश पर कलंक के समान, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, प्रतिभा पलायन को रोकने को कहा।

मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ने दोनों आचार्य भगवंतों के अवतरण दिवस पर विशेष लेख लिखा है। मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ने अपने लेख में बताया कि कर्नाटक राज्य के बेलगांव जिला में सहलगा गांव के पास चिक्कोड़ी नामक गांव के श्री मल्लपा अष्टगे, श्रीमंती अष्टगे के घर में 10 अक्टूबर 1946 शरद पूर्णिमा के पावन दिन शिशु के रूप में शरद पूर्णिमा के चांद का जन्म हुआ था। उनका नाम विद्याधर रखा था। इसी प्रकार दूसरे चांद का 26 अक्टूबर 1958 को जन्म हुआ और शांतिनाथ नाम रखा। एक ने धर्म को श्रमण कर धर्म को नहीं पहचान दी वह हमारा समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध एवं जाने माने गए। दूसरे उनके ही परंपराचार्य उत्तराधिकारी प्रथम शिष्य आचार्य समय सागर महाराज के नाम से जाने जा रहे हैं। आपके माता-पिता ने दीक्षा ली और मुनि मल्ली सागर एवं आर्यिका समयमति माताजी के रूप में समाधि ली।सन 1967 में आचार्य देशभूषण महाराज से ब्रह्मचर्य दीक्षा ली और 30 जून 1968 को अजमेर राजस्थान में मुनि दीक्षा आचार्य ज्ञानसागर महाराज से ली तथा 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद अजमेर में आचार्य पद मिला।

### बचपन से ही धर्म के संस्कार मिले

बाल्यावस्था से ही परिवार में धर्म के संस्कार प्राप्त होते रहे।कहावत भी है पूत के लचछन पालने में नजर आते हैं। साधु- संतों की संगति में परिवार सदा आगे रहा।उसी का परिणाम यह रहा कि विद्याधर के साथ-साथ उनका सारा परिवार के मोक्ष गामी चरण इस पद पर चले यह बहुत दुर्लभ होता है। आचार्य विद्यासागर महाराज की मातृभाषा कन्नड़ थी। पढ़ाई में काफी मेधावी थे। कक्षा 9 वीं तक लौकिक शिक्षा प्राप्त की। लौकिक शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना बहुत सरल था। गणित सूत्र और भूगोल के नक्शे आदि कार्य को बड़ी मेहनत और लगन से करते थे। शतरंज खेलना, शहीद महापुरुषों के फोटो बनाना, गिल्ली-डंडा सहित अनेक रुचियां थी। लेकिन आपका झुकाव धार्मिक मार्ग पर अधिक था।

### बाल्यावस्था में वैराग्य भाव

कहा जाता है कि भव्य आत्माओं के कुछ चिंह बचपन में ही दिखाई दे जाते हैं। सामान्य बच्चों से अलग अनेक तरह के विशेष गुण रखते थे। बाल्यावस्था से ही शुद्ध और सात्विक भोजन करते थे। मंदिर व भगवान के प्रति अटूट आस्था थी। आपने 9 वर्ष की आयु में जब आचार्य शांति सागर महाराज के प्रवचन सुने तो उनके हृदय में वैराग्य की लहरें उठने लगी। धर्म और आत्म तत्व के प्रति जिज्ञासा बढने लगी ,उम्र के साथ वैराग्य भी बढ़ने लगा।

### गृह त्याग और ब्रह्मचर्य व्रत

हृदय में जब वैराग्य का भाव बढ़ने लगता है, भला कौन उसे रोक सकता है। आपने 20 वर्ष की आयु में हमेशा के लिए घर का त्याग कर दिया। आध्यात्म की खोज में जयपुर आ गए और 1967 में आपने आचार्य देशभूषण महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत और सात प्रतिमा के व्रत लिए। ब्रह्मचारी विद्याधरजी की ज्ञान पिपासा आपको साहित्य मनीषी, महाकवि, तपोनिधि आचार्य प्रवर शांति सागर महाराज के पास तक खींच लाई। गुरु किसी को शिष्य बनाने के पहले परीक्षा लेते हैं और विद्याधरजी की भी परीक्षा ली तो वह पास हो गए। अनेक गूढ़ ग्रन्थों के रहस्यों को समझाया गया। वही ज्ञान उनके चरित्र में उतरता भी गया। आपकी योग्यता और प्रखर प्रतिभा ने आपके गुरु को इतना अधिक प्रभावित किया कि उन्होंने आपको सीधी मुनि दीक्षा देने का निश्चय किया। आपसे पहले कोई भी युवा अवस्था में सीधी मुनि दीक्षा नहीं ली। पारखी ज्ञानसागर महाराज ने अपने ज्योतिष निमित्त ज्ञान से समझ गए कि यही वह देदिव्यमान नक्षत्र है जो श्रमण धर्म संस्कृति को सुरक्षित व जीवित करेगा। भगवान महावीर स्वामी,कुंद - कुंद के मार्ग को सुरक्षित करेगा। आपकी चर्या में चतुर्थ कालीन मुनि चर्या के दर्शन होते हैं। आपके द्वारा रचित सर्वाधिक चर्चित और प्रसिद्ध मूकमाटी महाकाव्य ने साहित्य जगत में धूम मचा दी। अनेक विद्वानों ने मूकमाटी महाकाव्य पर डी लीट, एम फिल शोध प्रबंध रिसर्च पेपर लिख चुके हैं। आपने जहां एक और अपनी आत्मा के कल्याण के लिए युवावस्था में संयम पद पर अपने कदम बढ़ा दिए पर कल्याण की भावना से अन्य भव्य जनों को भी मोक्ष मार्ग के पथ पर अग्रसर किया। आप ऐसे युग दृष्टा, महापुरुष, संस्कृति के रक्षक,राष्ट्रप्रेमी, राष्ट्र चिंतक महान संत थे। आपने धर्म के साथ देश के लिए भी सराहनीय भूमिका रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आपकी समाधि पर कहा था कि इस देश को मार्गदर्शन करने वाला चला गया, में अब किससे मार्गदर्शन लूंगा।

# स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल में 19 अक्टूबर को प्रायमरी विंग फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें कक्षा-1ली से अदिति परमार प्रथम, रोशन कुशवाह द्वितीय, नीसाद मेव तृतीय रहे। तथा कक्षा-2री से कनक वर्मा प्रथम, आराध्या पंवार द्वितीय, मितुल वर्मा तृतीय रहे। प्रतियोगिता में बच्चो के द्वारा विभिन्न तरह की वेशभूषा में हिस्सा लिया गया।

जिसमें बच्चों ने पुलिस जवान, फौजी जवान, डॉक्टर, शिक्षक, स्वतंत्रता सैनानी, नेता, पुजारी, मौलवी, राधा कृष्ण, परी, राजकुमारी, राजा, किसान आदि वेषभूषा पहन कर सभी का मनमोह लिया। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, जितेन्द्र पोरवाल, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, ईषा जैन, इतिका चौहान प्रियंका सारसिया, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गार्डन, मंदिर, सड़क, विद्युत की नहीं की पूर्ति, काट दिए दर्जनों प्लॉट

# प्रशासन की अनदेखी के चलते काट दी कॉलोनाइजर ने अवैध कॉलोनी

## कॉलोनी के नियम का नहीं किया पालन, खरीदारों के साथ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




खिलचीपुर में कॉलोनाइजर द्वारा अवैध कॉलोनी काटने का काम प्रशासन की अनदेखी के चलते बड़े जोर- शोर से चल रहा है। वहीं वैध कॉलोनी बताकर लोगों को मुंह मांगे दामों में प्लॉट बिक्री किए जा रहे है ओर सहज रूप से रजिस्ट्री भी हो रही है। बिना निर्माण स्वीकृति, डायवर्सन के प्लाटो के निर्माण कार्य भी तीव्र गति से जारी है।

नगर में कई कॉलोनियां काटी जा रही है और प्रशासन चुप्पी साधे देख रहा है। ऐसा ही एक मामला खिलचीपुर के हाईवे रोड पर स्थित गाड़ गंगा नदी ब्रिज के पास स्थित इंद्रप्रस्थ विहार कॉलोनी का मामला सामने आया है, जिसमें कॉलोनाइजर ने सीसी रोड निर्माण नहीं कराया, विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं की है, पानी की टंकी भी नहीं बनवाई है। सिपेश व्यवस्था भी नहीं है, पार्क, मंदिर भी नहीं बनवाए गए ओर दर्जनों प्लाट काट दिये हैं। कुछ मकानों का निर्माण भी हो चुके हैं। वही कुछ प्लाटों के निर्माण जारी है। इस प्रकार नगर में प्लाट खरीदारों के साथ कॉलोनाइजर द्वारा ठगी की जा रही है। प्रशासन चुप्पी साधे देख रहा है ओर लगातार लोग अज्ञानता के चलते कालोनाइजरों की ठगी के शिकार हो रहे हैं।

### कॉलोनी काटने के पहले कॉलोनाइजरों ने किया नियमों का उल्लंघन

कोई भी व्यक्ति कृषि भूमि पर कॉलोनाइजर बनकर अपनी कॉलोनी काटता है तो कॉलोनाइजर को शासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होता है। नियमों के मापदंड को पूरा करने के बाद ही कॉलोनी को वैधता की पात्रता प्राप्त होती है। सर्वप्रथम कॉलोनाइजर को कृषि भूमि को व्यावसायिक भूमि में परिवर्तित करना होता है जिसमें भूमि का नक्शा, डायवर्सन, संबंधित विभागों से एन ओ सी , रेरा द्वारा प्रोजेक्ट की परमिशन, लेआउट, अनुज्ञा पत्र तथा नगर विकास प्राधिकरण व संबंधित जगह की पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम आदि से परमिशन ली जाती है। इन सभी फॉर्मेलिटी के पूरा करने के बाद कॉलोनाइजर कॉलोनी काटने का हकदार होता है अर्थात तभी कॉलोनी वैध कॉलोनी कहलाती है।

### कॉलोनीयों में सीसी सड़क पार्क, मंदिर, पानी टंकी, विद्युत सप्लाई की नहीं कोई व्यवस्था

प्रत्येक कॉलोनाइजर को अपनी कॉलोनी में शासन की नीति अनुसार मंदिर, पार्क, विद्युत सप्लाई, सड़क आदि सुविधाएं निर्माण कर मुहैया कराना आवश्यक है। लेकिन शहर में अवैध कॉलोनियों में इस प्रकार की कोई सुविधा लोगों को नहीं दी गई है, जो खरीदारों के साथ ठगी को दर्शाती है।

### मैं बाहर हूं...

मैं बाहर हूं। आप विधायक जी से बात करें यह उनकी कॉलोनी है।

भूपेंद्र सिंह वर्मा,
कॉलोनाइजर इंद्रप्रस्थ विहार कॉलोनी।

### मेरी कोई कॉलोनी नहीं है

मेरी कोई कॉलोनी नहीं है, न में कॉलोनाइजर हूं। अवैध है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हजारीलाल दांगी, विधायक खिलचीपुर

### कार्रवाई की जाएगी

जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

सुशील कुमार
एसडीएम खिलचीपुर।

### प्राचार्यों का वेतन काटने व विभागीय जांच के निर्देश

# पीएमश्री स्कूलों की अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर सख्त, की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में जिले के पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की। स्कूलवार हुई इस समीक्षा बैठक में करेड़ी संकुल प्राचार्य सीमा उपाध्याय के अनुपस्थित रहने पर उनका एक दिन का वेतन काटते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए।

बैठक में संकुलों की स्कूलवार समीक्षा हुई जिसमें बोर्ड परीक्षा के कम परिणामों एवं संकुल के स्कूलों में छात्रों की कम संख्या पर लखनवास हायर सेकंड्री स्कूल के प्राचार्य केवल सिंह भिलाला को भी नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देषित किया कि संकुल व अधीन आने वाले स्कूलों का भ्रमण कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने लखनवास स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश भी प्रदान किए।

### उत्कृष्ट कार्यों पर होगा सम्मान

इस समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले के पीएम श्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजीटल ई-लाइब्रेरी चालू हैं। इस पर कलेक्टर ने डीईओ करण सिंह भिलाला को निर्देषित किया कि स्कूलों में ऑनलाइन स्मार्ट क्लास से पढ़ाया जाए, यह व्यवस्था एक माह में की जाए। इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की बात भी उन्होंने कही। बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

## सोयाबीन में लगाई आग, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज



*जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम नाईहेडा में खेत में रखी 2 बीघा की सोयाबीन में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। शुक्रवार की रात में आग लगाकर सोयाबीन नष्ट कर दी। जब सुबह खेत मालिक कृषक मौके पर पहुंचा तब तक उपज पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। किसान ने शनिवार सुबह पुलिस थाने में आग लगाने की सूचना देकर शिकायत दर्ज कराई। ग्राम नाईहेडा निवासी 44 वर्षीय किसान भगवान सिंह ने 2 बीघा में सोयाबीन की फसल काटकर खेत में रखी थी। सोयाबीन काटकर तिरपाल लगाकर ढांककर रख दिया गया था। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात आरोपियों ने खेत में रखी सोयाबीन में आग लगा दी। किसान सुबह खेत पर गया तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। किसान की तहरीर पर पुलिस ने आगजनी में कायमी कर जांच शुरू कर दी। किसान का कहना है मेरी मेहनत की कमाई जलकर खाक हो चुकी है अब परिवार चलाना भी मुश्किल है। शासन प्रशासन से किसान ने आर्थिक मुआवजा की मांग की है।*

### ग्राम पंचायत दुग्या में 90 ग्रामीण बीमार

## गंदगी ने पैर पसारे, स्वच्छता अभियान की निकली हवा



सारंगपुर। प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में स्वच्छता अभियान मिशन के रूप में चलाया गया। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ शौचालय सहित ग्रामीणों के लिए गांव में सीसी सड़क नली निर्माण के साथ उनकी सफाई के लिए टाइट अन टाइट मद दिया गया, ताकि गांव में स्वच्छता रहे। किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन के नाम पर कागजी खाना पूर्ति की जा रही है यही कारण है कि बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी ने पैर पसार रखे हैं। गंदगी के कारण सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पठारी में बड़ी तादात में ग्रामीण बीमार हुए और दहशत में आ गए। बात कलेक्टर तक पहुंची और स्वास्थ अमले ने गांव में शिविर लगाया। उधर जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार सिंह द्वारा पंचायत अमले को कड़े निर्देश जारी कर गांव में तत्काल सफाई अभियान प्रारंभ करवाया ग्राम पठारी के ग्रामीणों का इलाज चल रहा था कि समीप ग्राम पंचायत दुग्या से खबर आई कि इस गांव में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण बीमार हो रहें हैं। जैसे ही दुग्या की खबर मिली जिला स्वास्थ अधिकारी किरण बरडिया एवं ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर धनजीत बड़ोदिया स्वास्थ अमले के साथ दुग्या पहुंचे और बीमार व्यक्तियों के जानकारी ली जिसमें कुल 90 लोग विभिन्न बीमारी से ग्रसित पाए गए। जिसमें बुखार के 35 अन्य दर्द के 55 मलेरिया के 48 और डेंगू के 16 सैंपल लिए गए साथ ही गांव के पेय जल स्त्रोत आदि में विभिन्न प्रकार के पावडर डलवाए गए तथा पंचायत को गांव में साफ सफाई के निर्देश दिए।



### अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में कुणाल चौहान का चयन

ब्यावरा। एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कबड्डी खिलाड़ी कुणाल पिता राजेश चौहान शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा का छात्र है। कोच राम भील ने बताया कि कुणाल चौहान का अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कुणाल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता राजस्थान झुंझुनू के जेजेटी यूनिवर्सिटी में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जो 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इस इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद सैफी व खेल प्रेमी सहित स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## लोकमत अहिल्याबाई की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में निकला चल समारोह

### चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शनिवार को दोपहर 3 बजे शहर के वैष्णो देवी मंदिर परिसर से सभी सर्व समाज एवं विद्यालय के बच्चे बच्चियों द्वारा नगर में पुराने अब रोड पर चल समारोह निकला गया। विदित हो कि यह चल समारोह देवी अहिल्याबाई होलकर की जन्म शताब्दी जयंती पर नगर के सामान्य नागरिकों को जागरूक करने एवं उनके विषय पर सभी का ध्यान आकर्षण करने हेतु उनके स्वरूप में बच्चियों को बैठक कुछ तथ्यों पर उनके स्लोगन लगाकर कुछ फ्लेक्स पर उनके फोटो लगाकर समाज को लोकमाता अहिल्याबाई के योगदान को समाज को पुनः याद दिलाते हुए सर्व समाज एकत्र होकर एक साथ उनके द्वारा करने कार्यों का अनुसरण कर एक बार पुनः मात्र शक्तियों में नवीन ऊर्जा का संचार करते हुए उन्हें अपनी शक्तियों का भान करते हुए समाज में अग्रणी रहकर समाज सुधारने के लिए सतत कार्यरत रहना चाहिए।

अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा के चल समारोह निकल गया इसमें विशेष रूप इसमें कन्या शाला स्कूल मानस शिशु मंदिर ब्यावर पब्लिक स्कूल के कान्वेंट स्कूल एमटीएम कान्वेंट स्कूल एवं मातृशक्ति संगठनों द्वारा विद्यार्थियों को लाया गया एवं विशेष रूप से धनगर समाज लववंशी समाज नामदेव समाज सेन समाज बैरागी समाज की विशेष उपस्थिति के साथ अन्य समाज जान भी इस चल समारोह में उपस्थित थे। छोटे छोटे बच्चियों द्वारा अहिल्याबाई के स्वरूप में अपने आप को प्रदर्शित करते हुए उनके चरित्र का चित्रण समाज के सामने प्रस्तुत किया। चल समारोह में घोड़ी पर भी बच्चियों अहिल्याबाई के स्वरूप पर बैठकर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चल रही थी। चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर सभी समाजों के द्वारा स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। जल की व्यवस्था की गई। पुलिस थाने के सामने जाटव समाज द्वारा अग्रवाल धर्मशाला के सामने अग्रवाल समाज द्वारा पेट्रोल पंप के सामने द्वारा पीपल चैराहे पर एकता ग्रुप के द्वारा अमृतपाल धर्मशाला के सामने बैरागी समाज द्वारा एवं बालाजी मंदिर के सामने ब्राह्मण समाज द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पुलिस प्रशासन आदि सभी के द्वारा विशेष योगदान रहा। व्यवस्थाएं सुचालक चलती रही कार्यक्रम का समापन पीपल चौराहे स्थित बड़े स्कूल में किया गया जहां समिति के सचिव द्वारा आभार प्रदर्शन कर समिति के अध्यक्ष श्री वीरम सिंह चौहान द्वारा उनके चरित्र के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया गया तथा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापितकर कार्यक्रम समाप्त हुआ।

### कैमिकल मिलाकर बनाई जाती है मदिरा

## अमले ने कच्ची शराब के डेरों पर दबिश दी, बनाए 5 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विभिन्न तरह के कैमिकल मिलाकर अवैध तरीके से हाथ भट्टी वाली कच्ची शराब बनाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

पुलिस सहित आबकारी विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी कैमिकल वाली कच्ची शराब के निर्माण पर रोक नहीं लग पा रही है। यह शराब न केवल मानव शरीर के लिए बहुत ज्यादा घातक होती है बल्कि अनेकों मामलों में इस शराब से मृत्यु तक हो जाया करती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने गत दिवस राजगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बनाई जा रही कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी। वृत्त प्रभारी संदीप लोहानी ने बताया कि ग्राम गोरियाखेड़ा, देहरीकराड़, चाटूखेड़ा के अड्डों पर दबिश देकर करीब 70 बल्क लीटर हाथ भट्टी की मदिरा को जब्ती में लिया गया है। शराब को जब्ती में लेने के साथ ही इसके निर्माण एवं विक्रय से जुड़े पांच लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई में मोहन सिंह यादव, राशिका साहू, गौतम लोधी की भी भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी लखनलाल ठाकुर ने बताया कि कच्ची और अवैध शराब के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कॉलोनी विकसित करने पर कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा अवैध कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा तीन अलग-अलग आदेश जारी कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कालोनी विकसित करने पर अनावेदकगण किशनलाल आचार्य, लोकेन्द्र सिंह परमार, दीपक रघुवंशी, मोहनलाल आचार्य, मनीष आचार्य के विरुद्ध पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने के दिए गए निर्देश..इसी क्रम में किशनलाल पुत्र स्व. जेठमल आचार्य वगैरह निवासी नेहरू नगर जैन टावर के पास भोपा, लोकेन्द्र सिंह पुत्र महाराज सिंह परमार निवासी फतेहपुर रोड शिवपुरी जिला शिवपुरी, दीपक पुत्र सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी दलवी कालोनी तहसील गुना, मनीष पुत्र विष्णुप्रसाद आचार्य तथा मोहनलाल पुत्र स्व. जेठमल आचार्य निवासी साले की कोठी बीकानेर राजस्थान द्वारा उनके स्वामित्व की ग्राम छावनी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 44/3/14 रकबा 0.417 हेक्टर, सर्वे नंबर 44/4/13/1 रकबा 0.384 हैक्टर एवं सर्वे नंबर 44/5/15/1 रकबा 0.344 हैक्टर भूमि में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है। दूसरे प्रकरण में खेमोबाई पुत्री नारायण सिंह पत्नि प्रेमनारायण कुशवाह निवासी ईदगाहबाड़ी गुना जिला गुना द्वारा उनके स्वामित्व की तहसील गुना कस्बा गुना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 117/9 रकबा 0.387 में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है। तीसरे प्रकरण में राजकुमार पुत्र चिरोंजीलाल कुशवाह निवासी शीतला माता मंदिर मार्ग बंगला मोहल्ला जिला गुना द्वारा उनके स्वामित्व की तहसील गुना कस्बा गुना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 94/1/1/1 रकबा 0.094 हैक्टर भूमि में अवैध रूप से आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है।

उक्त प्रकरणों में संबंधित कालोनाइजर्स द्वारा अवैध रूप से अनाधिकृत आवासीय कालोनी विकसित करने, मौके पर मूलभूत सुविधाएं नही होने, कालोनाईजर का लायसेंस न होने एवं नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित नक्शा नही होने तथा कालोनी की विकास अनुमति नही ली गई। सभी प्रकरणों में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गुना को निर्देशित किया गया है कि वे तदनुसार तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा संबंधित कालोनाईजर्स के विरुद्ध सम्बन्धित पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराकर उसकी सूचना 3 दिवस में मय एफआईआर की प्रति सहित न्यायालय कलेक्टर में भेजें।

## भावसार क्षत्रिय समाज ने शरद पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया



जीरापुर। शरद पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में द्वितीय दिवस भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा एक दिवसीय गरबा (डांडिया) महोत्सव का आयोजन स्थानीय भावसार धर्मशाला हिंगलाज वाटिका पर रखा गया। जिसमें महिलाओ पुरुष एवं बच्चों युवाओं ने गरबा नृत्य किया। इस अवसर पर अलग-अलग स्टेप पर गरबा नृत्य करके मनमोहक प्रस्तुति दी। शरद पूर्णिमा महोत्सव के मोके पर भावसार समाज श्रीराम मंदिर पर सामूहिक आरती पश्चात खीर का प्रसाद वितरण किया गया। समाज अध्यक्ष अशोक भावसार द्वारा कहा गया की समाज उत्थान के लिए ऐसे छोटे-छोटे कार्यक्रमों से हम एक दूसरे से जुड़ते हैं व एकता का परिचय समाज में जाता है जिससे समाज को नई दिशा देने के लिए कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। इसलिए हम सब मिलकर समाज की एकता के लिए अग्रसर रहे नई पीढ़ी मे समाज के लिए कार्य करने की लगन जागृत करें।

### कलेक्टर ने दशहरा मैदान पर एप्रोच रोड व लेबलिंग कार्य का निरीक्षण किया

गुना। आगामी दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये दशहरा मैदान में पटाखों की दुकान लगायी जानी है एवं कृषि उपज मण्डी में भी किसान अपनी उपज बेचने के लिये आना प्रारंभ हो गये हैं। यदि आने वाले समय में कृषि उपज मण्डी में कृषकों द्वारा उपयोग किये जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ती है, तो दशहरा मैदान का वाहनों को खडा. करने वैटिंग स्थल के रूप में उपयोग किया जायेगा। इसकी तैयारी को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा दशहरा मैदान का सतत निरीक्षण किया जा रहा हैं। दशहरा मैदान में चारों ओर से तार फैसिंग का कार्य कराया जा रहा एवं एप्रोच रोड के लिये समतलीकरण का कार्य जारी है। शनिवार को कलेक्टर द्वारा कार्यो का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### संत की अगवानी में बाइक रैली निकाल कर की महर्षि वाल्मीकि की महाआरती

# भारत संतों की भूमि है जहां स्थिर रूप से सनातन का परचम लहरा रहा है: संत उमेशनाथ महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत वर्ष में अनेकों संत हुए हैं जिन्होंने सनातन धर्म को आगे बढ़ाया है। देश में कई उतार-चढ़ाव आए, अनेको आताताई आए लेकिन भारतवर्ष हमेशा स्थिर रहकर उन्नति की ओर अग्रसर है। क्योंकि भारत भूमि सनातनियों के साथ साथ संतों की भूमि है जहां स्थिर रूप से सनातन का परचम लहरा रहा है।

यह बात महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े के तहत नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद वाल्मीकि धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज ने उपस्थित लोगों के बीच कही। उन्होंने आगे कहा कि देश के सभी सनातनियों को सामाजिक समरसता का भाव लेकर जितना हो सके जरूरतमंदों का सहयोग करते रहना चाहिए साथ ही उन्होंने कहां की हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म का कार्य करते हुए देश हिंदू राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को निलेश वर्मा, ओम पुष्पक, दिनेश सिंह सिसोदिया खेमचंद गिरजे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गिरजे ने किया तथा आभार पूर्व पार्षद सतीश गिरजे ने माना।




### नगर में निकाली बाइक रैली

वाल्मीकि नवदुर्गा उत्सव समिति के नेतृत्व में बाल योगी संत उमेश नाथ महाराज की अगवानी में बाइक रैली निकाली गई। गोपालपुरा बायपास पर बाल योगी संत उमेश नाथ का स्वागत किया। तथा एक खुली कार में संत को विराजित कर बाइक रेली प्रारंभ होकर गोपालपुरा जयनगर इंदौर नाका पुराना बस स्टैंड महाराणा प्रताप चैराहा भेरू दरवाजा रोड होते हुए वार्ड क्रमांक 9 बाल्मीकि कॉलोनी पहुंची जहां संतश्री ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना कर महा आरती की कथा प्रसादी का वितरण किया। बाइक रैली में महादेव मित्र मंडल तथा बजरंग दल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा बाइक रैली का नगर में महादेव मित्र मंडल बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संत उमेश नाथ महाराज को श्रीराम का चित्र भेंट किया। वहीं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के कार्यालय सेवा सदन पर भी महाराज का स्वागत किया गया। इसके पूर्व पार्षद अमित गिरजे के नेतृत्व में वाल्मीकि संत उमेश नाथ महाराज राज्यसभा सांसद का स्वागत एवं सम्मान कर एक मांग पत्र वार्ड क्रमांक 09 वाल्मीकि बस्ती में स्थित गोगा देव मंदिर के निर्माण के लिए अनुमानित लागत 20 लाख रुपए की मांग की गई एवं राज्यसभा सांसद एवं वाल्मीकि संत उमेश नाथ महाराज के द्वारा भी आश्वासन दिया।